❶

ओ३म्
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

साप्ताहिक
आर्य सन्देश

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा का मुखपत्र

समस्त देशवासियों को
विजय दशमी – दशहरा
पर्व की
हार्दिक शुभकानाएँ

वर्ष 41, अंक 51 एक प्रति : 5 रुपये
सोमवार 8 अक्तूबर, 2018 से रविवार 14 अक्तूबर, 2018
विक्रमी सम्वत् 2075 सृष्टि सम्वत् 1960853119
दयानन्दाब्द : 195 वार्षिक शुल्क : 250 रुपये पृष्ठ 8
फैक्स : 23365959 ई-मेल : aryasabha@yahoo.com
इंटरनेट पर पढ़ें – www.thearyasamaj.org/aryasandesh

अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2018
25 से 28 अक्टूबर 2018

स्वागत के लिए सज रहा है महर्षि दयानन्द नगर : तैयारियां अन्तिम दौर में

दिल्ली में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन की तैयारियां अन्तिम दौर में हैं। देश-विदेश से आने वाले लाखों आर्यजनों के लिए सम्मेलन स्थल – स्वर्ण जयन्ती पार्क, सै. 10, रोहिणी दिल्ली-110085 में महर्षि दयानन्द नगर निर्माण कार्य जोरों पर है। मुख्य पण्डाल, यज्ञशाला, प्रमुख संगठनों के कार्यालय, पुस्तक बाजार, पार्क, जन सुविधाएं, सड़कें, भोजनालय, आवासीय ब्लाक, मुख्य द्वारा, अतिथि आवास, पूर्ण कालिक यज्ञशाला, गौशाला, आदि सभी सुविधाओं से सुसज्जित महासम्मेलन स्थल में बनने वाला महर्षि दयानन्द नगर आप सभी के स्वागत के लिए सज रहा है। कार्यकर्त्ता दिन-रात लगकर इसके सौन्दर्य को निखारने का कार्य कर रहे हैं। पहले महासम्मेलनों से और अधिक सुन्दर, सुसज्जित, सुविधाओं से परिपूर्ण महर्षि दयानन्द नगर में कई द्वार बनाए गए हैं। महासम्मेलन में सपरिवार ईष्टमित्रों सहित पधारने के लिए आपका निमन्त्रण पत्र इसी अंक में नीचे पूर्ण विवरण, कार्यक्रमों, सुविधाओं, मुख्य आकर्षणों, सम्मेलनों के प्रमुख विषयों, विभिन्न हॉल में होने वाले कार्यक्रमों ही जानकारी, पहुंचने के मार्ग तथा अत्यावश्यक निर्देशों के साथ दिया जा रहा है। सम्मेलन में पधारने वाले प्रत्येक व्यक्ति से सानुरोध प्रार्थना/निवेदन एवं निर्देश है कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा सम्बन्धी दिक्कतों से बचने के लिए अपने आधार कार्ड/कोई भी पहचान पत्र की फोटोप्रति एवं मूल प्रति अवश्य ही साथ लेकर आएं। – ***संयोजक***

विश्व शान्ति, राष्ट्र सेवा तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वाह के नए संकल्पों के साथ

अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2018

आर्यसमाज का उद्देश्य संसार का उपकार करना है अर्थात् मनुष्य मात्र की उन्नति करना। किन्तु यह तभी सम्भव है जब प्रत्येक व्यक्ति सत्य को माने, असत्य को त्यागे। परमात्मा की वाणी वेदज्ञान के विरुद्ध प्रचलित - अंधविश्वास से संसार को मुक्त कराने, सत्य सनातन धर्म से जन सामान्य को अवगत करवाने के लिए आर्यसमाज की स्थापना की गई।

सदियों के घोर अंधकार के बाद स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने 'लौटो वेदों की ओर' का नारा देकर हमें एक नई राह दिखाई ताकि मानव, भटकाव से बचकर अपने मूल उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ सके तथा यह कार्य निरन्तर चलता रहे, इसी उद्देश्य से उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की।

आर्य समाज ने अपने स्थापना काल से ही गलत परम्पराओं और रुढ़िवाद के विरुद्ध शंखनाद किया। फलस्वरूप जहां एक ओर आर्यसमाज के संगठन का विस्तार हुआ वहीं अवैदिक परम्परा, कुरीतियों तथा अंधविश्वासों का स्थान तर्कपूर्ण आचरण ने ले लिया। आर्यसमाज एक ऐसी विचारधारा रही है जिसने जब जो समस्या देखी उसके खिलाफ शंखनाद किया व समाज का नेतृत्व किया। इस भावना से सम्बन्ध रखने वाले महानुभाव बड़ी संख्या में उससे स्वत: जुड़ते चले गए।

इसी प्रकार आर्य समाज ने निरन्तर राष्ट्र तथा समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थापना से अब तक विश्व के परिदृश्य में अनेक परिवर्तन आ चुके हैं तथा वे निरन्तर जारी हैं। हमें इन परिवर्तनों के अनुरूप अपने आपको तैयार करके मानव जाति को जोड़ना होगा ताकि हम आने वाली चुनौतियों का सामना संगठित होकर कर सकें। किसी भी संगठन की शक्ति उसके मार्गदर्शक और कार्यकर्ता होते हैं और उनका आदेश पाकर ही हम तदनुरूप कार्य कर सकते हैं। इसी भावना से आर्यसमाज की ओर पूरा समाज देखता रहा। आज आर्यसमाज का विस्तार भारत के बाहर अनेक देशों में हो रहा है। आर्यसमाज की उसके स्थापना काल से बहुत अधिक आवश्यकता वर्तमान में समाज और राष्ट्र को है। इसलिए संगठन को सुदृढ़ बनाने और इसके विस्तार की महती आवश्यकता है। उसी तारतम्य और उद्देश्य को लेकर आर्यसमाज के इतिहास में अनेक महासम्मेलनों का आयोजन हुआ। डरबन, लन्दन, अमेरिका, अजमेर, अलवर, मथुरा, मॉरीशस, मुम्बई, दिल्ली, हरिद्वार आदि में जिनको लोग आज भी स्मरण करते हैं तथा उत्साहित होते हैं। इसी कड़ी में सार्वदेशिक सभा एवं दिल्ली सभा के संयुक्त तत्त्वावधान में इस आर्य महासम्मेलन- 2018 का आह्वान किया गया है ताकि हम आने वाली पीढ़ी के समक्ष आर्य समाज के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य को रख सकें, जिससे युवा पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त हो सके और यह नारा हमारे कार्यों में निरन्तर गूंजता रहे ' कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'।

आर्य समाज के माध्यम से राष्ट्र एवं समाज की सेवा करने के नए कार्यक्रमों की तैयारी हेतु यह महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण पर आप सभी का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमें वांछित है, जिससे आने वाले समय में आर्यसमाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सके तथा हम प्रत्येक मानव तक यह सन्देश पहुँचा सकें।

आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप 25, 26, 27 एवं 28 अक्टूबर 2018 को दिल्ली में भारी संख्या में पधारकर समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

देश और समाज में जो परिवर्तन आते हैं उनके परिणाम समाज के लिए क्या होंगे, मानव समाज के एक जवाबदार संगठन होने के नाते ये देखना भी हमारा ही कार्य है। अन्यथा होने वाली हानि की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हाल ही में धारा 377 पर दुर्भाग्यवश आया उच्चतम न्यायालय का निर्णय भी आपत्तिजनक व विचारणीय है। चाहे समस्या जनसंख्या के सामाजिक असन्तुलन की हो, चाहे नव विवाहितों में एक बच्चे की बढ़ती प्रवृत्ति हो। हमें इन सब पर विचार करना ही होगा कि आखिर इसका क्या परिणाम होगा। साथ ही जिस प्रकार से अंधाधुंध तरीके से हम पृथ्वी का दोहन कर रहे हैं - कोयला, खनिज, पैट्रोलियम आदि निकाल-निकालकर हम इसे खोखला कर रहे हैं इससे एक ओर हमारी पृथ्वी असन्तुलित हो रही है, तो दूसरी ओर ये सभी तत्त्व जलकर हमारे वायुमंडल का तापमान और प्रदूषण बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। आखिर पृथ्वी इसका बोझ कब तक सह सकेगी ? यह भी हमें ही सोचना है।

ऐसे ही अनेक ज्वलंत मुद्दों पर गहन चिंतन करके समाधान की ओर ले जाने का मंच बनेगा यह अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन। आईए! इन सभी विषयों पर भविष्य के लिए विचार करें ताकि हम एक सुनहरे भविष्य का बेहतर निर्माण करने में सहायक हों।

वेद-स्वाध्याय

आत्मा के दो अजर पक्ष

इमौ ते पक्षावजरौ पतत्रिणौ याभ्याꣳरक्षाꣳस्यपहꣳस्यग्ने। ताभ्यां पतेम सुकृतामु लोकं यत्रऽऋषयो जग्मुः प्रथमजाः पुराणाः।। यजु. 18/52

ऋषि : **शुनः शेपः।।** देवता – **अग्निः।।** छन्दः **विराषीजगती।।**

शब्दार्थ – **अग्ने** = हे अग्ने! **ते** = तेरे **इमौ** = ये **अजरौ** = अजर **पतत्रिणौ** = ऊपर उड़ाने वाले **पक्षौ** = दो पक्ष, दो पंख हैं **याभ्याम्** = जिनसे कि तू **रक्षांसि** = राक्षसों को **अपहंसि** = हटा देता है, मार भगाता है, **ताभ्याम्** = उन्हीं पंखों से उ = ही हम भी **सुकृतां लोकम्** = उस श्रेष्ठ कर्मवालों के लोक को यत्र = जहां **प्रथमजाः** = हमसे पहले पैदा हुए **पुराणाः** = पुराने **ऋषयः** = ज्ञानी लोग **जग्मुः** = पहुंचते रहे हैं **पतेम** = हम भी उड़ें, उन्नत होते हुए पहुंचें।

विनय– हे अग्ने! हे आत्मन्! तू अपने दोनों पक्षों द्वारा सब बाधाओं को हटाता हुआ निरन्तर गति करता जाता है। तुझमें 'शवस्' और 'घृत' की, बल और दीप्ति की, कर्म और ज्ञान की, कार्य और कारण की, स्थूल और सूक्ष्म की व पृथिवी और दिव् की जो दो विभिन्न शक्तियां निहित हैं वे ही तेरे दो अजर पक्ष हैं, कभी जीर्ण न होने वाले तेरे दो पंख हैं, जोकि पतत्रवाले हैं, तुझे ऊपर उड़ाने वाले हैं, उठाने वाले हैं। इनसे तू उड़ता है, सब बाधाओं को दूर करता हुआ उड़ता है, उन्नत होता है। उन्नति को रोके रखनेवाले ही 'रक्षस्' होते हैं। इन सब राक्षसों को, रुकावटों को, विघ्नों और बन्धनों को तू अपने इन दोनों पक्षों की समतोल क्रिया द्वारा और सम्मिलित यत्न द्वारा काटता हुआ चलता जाता है। हे अग्ने! हम भी तेरे इन दिव्य पंखों का सहारा लेकरक उड़ना चाहते हैं। हम अब अपने जीवन में कर्म और ज्ञान की ऐसी समतोलता रखते हुए बढ़ें कि इससे हमारे आगे चलने में कभी कोई रुकावट न पड़े। जब कभी हम किसी एक पार्श्व में कमी या अति करते हैं, अर्थात् ज्ञान में ग्रस्त हो कर्म छोड़ देते हैं या ज्ञान को भूल कर्म में बह जाते हैं, अथवा जब कभी हम इन दोनों को परस्पर सम्बद्ध नहीं रखते, अर्थात् ज्ञान के अनुसार कर्म नहीं करते या कर्म से अगला ज्ञान नहीं प्राप्त करते, तभी रुकावट होती है, तभी राक्षसों की जीत हो जाती है, अतः हे अग्ने! यदि हम तुम्हारे इन दिव्य अजर पतत्री पंखों को पा सकेंगे तभी हम बिना रुकावट उन्नत हो सकेंगे और उस लोक को पहुंच सकेंगे जहां कि उत्तम कर्म और उत्तम ज्ञान अपनी पराकाष्ठा को प्राप्त हुए हैं, उस 'सुकृतां लोक' को, श्रेष्ठ कर्मवाले पुरुषों के लोक को, पहुंच सकेंगे जहां कि पुराने प्रख्यात महाज्ञानी पहुंचते रहे हैं।

–: साभार :– वैदिक विनय

वैदिक विनय : यह पुस्तक वैदिक प्रकाशन, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15 हनुमान रोड, नई दिल्ली में उपलब्ध है। अपने ज्ञानवर्धन के लिए आज ही अपना आदेश मो. नं. 9540040339 पर प्रेषित करें।

सम्पादकीय

बेकाबू होता सोशल मीडिया

.....असल में सोशल मीडिया के इस विशाल नेटवर्क का इस्तेमाल झूठी खबरों के लिए इस कदर किया जा रहा है जिससे एक बड़ा तबका भ्रमित हो रहा है। ये आसान भी है! क्योंकि गलत नाम और परिचय के साथ सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाया जा सकता है और आपकी मौत की खबर कौन प्रसारित कर रहा है आपको पता तक नहीं चल पाता। यहाँ लोग फेंक न्यूज फैला सकते हैं, फैला रहे हैं, कोई रोकने वाला नहीं है,.....

वह दिन दूर नहीं जब आप सुबह सोकर उठें और आपकी सोशल मीडिया वाल पर लोग आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते दिख जायें! यदि आप थोड़े से भी जाने-पहचाने चेहरे हैं तो ये भी हो सकता है भारत के बड़े मीडिया घराने अपनी-अपनी न्यूज वेबसाइटों पर आपकी मौत की खबर प्रसारित कर आपके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते नजर आये। क्योंकि सोशल मीडिया के जरिये आजकल देश में हर कोई पत्रकार बना बैठा है और देश की पत्रकारिता इन्हीं सोशल मीडिया के गैर जिम्मेदार पत्रकारों पर निर्भर दिख रही हैं। एक बार फिर महाशय धर्मपाल जी की मौत की झूठी खबर जिस तरह प्रसारित हुई शायद मेरे कथन की पुष्टि करने के लिए काफी होगी।

आखिर इस खबर से रूबरू कौन नहीं हुआ होगा! जब दो दिन पहले सोशल मीडिया के किसी स्वघोषित पत्रकार ने विश्व प्रसिद्ध मसाला कंपनी एमडीएच के मालिक महाशय धर्मपाल गुलाटी जी के निधन की झूठी खबर प्रसारित कर दी थी। जिसके बाद बिना जाँच परख किये, बिना पुष्टि और विश्वसनीयता जांचे, देश के तमाम न्यूज पोर्टलों ने ये खबर अपने पोर्टलों पर प्रसारित की. जबकि शनिवार को जिस समय इस झूठी खबर को फैलाया जा रहा उस समय महाशय जी देश के गृहमंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर उन्हें इस वर्ष-2018 अक्टूबर माह में दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के लिए निमंत्रण पत्र दे रहे थे। किन्तु सोशल मीडिया पर स्वघोषित पत्रकार बने लोग महाशय धर्मपाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे।

हालाँकि उनके निधन की झूठी खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिवार की तरफ एक वीडियो जारी कर इस खबर को गलत साबित किया गया। इस बात की पुष्टि के लिए दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने महाशय जी के साथ बैठकर एक वीडियो जारी किया गया है कि जिसमें महाशय जी एकदम साफ संदेश देते हुए कह रहे हैं कि वे एकदम स्वस्थ्य हैं।

सोशल मीडिया पर फर्जीवाड़े का शिकार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है गत वर्ष हिंदी फिल्म सिनेमा के सुप्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन की मौत की खबर भी इसी तरीके से फैलाई गयी थी। देश के गृहमंत्री राजनाथ सिंह भी इसका शिकार हो चुके हैं। जब आतंकी संगठन हाफिज सईद के ट्विटर अकाउंट से जेएनयू छात्रों के समर्थन में जारी ट्वीट पर गृहमंत्री के ट्वीट करने से विवाद हो गया था।

यानि जो सोशल मीडिया एक समय सभी के लिए सूचना हासिल करने और साझा करने का पसंदीदा तंत्र था आज वह झूठ की एक बड़ी दुकान बनता जा रहा है। इसे कुछ ऐसे समझिये कि एक चाकू जो सुविधा की जरूरत से फल-सब्जी काटने के लिए बना था कुछ लोग उससे गले पर रेत रहे हैं।

असल में सोशल मीडिया के इस विशाल नेटवर्क का इस्तेमाल झूठी खबरों के लिए इस कदर किया जा रहा है जिससे एक बड़ा तबका भ्रमित हो रहा है। ये आसान भी है! क्योंकि गलत नाम और परिचय के साथ सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाया जा सकता है और आपकी मौत की खबर कौन प्रसारित कर रहा है आपको पता तक नहीं चल पाता। यहाँ लोग फेंक न्यूज फैला सकते हैं, फैला रहे हैं, कोई रोकने वाला नहीं है, इसी का नतीजा है जिस तरह घरों में बच्चों को बताना होता है कि अनजान आदमी से कुछ लेकर नहीं खाना चाहिए वैसे ही लोगों को बताना पड़ रहा है कि सोशल मीडिया पर आँख मूँदकर विश्वास मत करो। कारण इसी सोशल मीडिया के जरिये पिछले कुछ समय में बच्चे चोरी होने की अफवाह के कारण देश के अलग-अलग राज्यों में लगभग तीस से ज्यादा लोग भीड़ द्वारा मारे जा चुके हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत में लगभग 20 करोड़ फेसबुक यूजर्स हैं और पांच करोड़ से ज्यादा ट्विटर यूजर्स हैं। यानि ऐसा कोई भी वीडियो, फोटो या झूठ कुछ मिनटों में इन माध्यम से दुनियाभर में फैलाया जा सकता है। कुछ समय पहले एक पोस्ट तेजी से वायरल हुई थी जिसमें आर.एस.एस. के कार्यकर्ताओं को ब्रिटेन की महारानी को गार्ड ऑफ ऑनर देते दिखाया गया था। जबकि इसे फोटोशॉप के जरिए मॉर्फ करके बनाया गया था। किन्तु ये फोटो इतनी तेजी वायरल हुई है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता तक ने इसे अपनी वाल पर पोस्ट किया था।

हालाँकि असत्य और सत्य की लड़ाई दुनिया में काफी पहले से है किन्तु वर्तमान में असत्य इतना संगठित पहले कभी नहीं रहा जितना अब हो रहा हैं और देखा जाये तो इस असत्य से कोई नहीं बच रहा है। महात्मा गांधी की एक फोटो जिसमें वह विदेशी महिला के साथ नजर आते हैं, जबकि वास्तविक फोटो में महिला की जगह जवाहर लाल नेहरू हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी की फोटो जिसमें वह लालकृष्ण आडवाणी के पांव छू रहे थे, जिसमें बदलाव कर श्री आडवाणी के स्थान पर अकबरुद्दीन ओवैसी का चेहरा लगा दिया गया यानि भ्रामक जानकारियाँ, बड़ी तादात में पैदा की जा रही है, और बांटी जा रही है. क्या सच है और क्या झूठ, ये जानना-समझना अब सचमुच बड़ा प्रश्न बन चूका है। कौनसी खबर पर विश्वास करें कौन सी पर नहीं यह बहुत जरूरी प्रश्न आज हमारे सामने मुंह खोले खड़ा है।

इससे कुछ हद तक बचा जा सकता है किन्तु बचने में सबसे पहले देश के बड़े मीडिया संस्थानों को इसमें आगे आना होगा उन्हें जिम्मेदारी के साथ अपनी वेबसाइटों पर न्यूज अपलोड करने वालों को हिदायत देनी होगी कि सबसे पहले खबर प्रसारित करना अच्छी बात है। किन्तु खबर के स्रोत उसकी तथ्यात्मक जानकारी के साथ हो, वह पुष्टी के साथ हो। ताकि बाद में शर्मिंदा न होना पड़े। क्योंकि यदि समय रहते इस पर सावधानी नहीं बरती गयी, निगरानी नहीं रखी गई तो हालात बेकाबू हो सकते हैं। क्योंकि हर कोई चुटकुले या हंसी मजाक का वीडियो तो पोस्ट नहीं कर रहा है। अनेकों लोग झूठ भी परोस रहे हैं। जिनका शिकार सिर्फ हम और आप नहीं बल्कि महाशय धर्मपाल से लेकर रतन टाटा और देश के गृहमंत्री से लेकर स्वयं देश के प्रधानमंत्री तक बन चुके हैं।

–सम्पादक

ओ३म्

भारत में फैले सम्प्रदायों की निष्पक्ष व तार्किक समीक्षा के लिए उत्तम कागज़, मनमोहक जिल्द एवं सुन्दर आकर्षक मुद्रण (द्वितीय संस्करण से मिलान कर शुद्ध प्रामाणिक संस्करण)

सत्य के प्रचारार्थ

सत्यार्थ प्रकाश

सत्य के प्रचारार्थ

● प्रचार संस्करण (अजिल्द) 23×36÷16	मुद्रित मूल्य 50 रु.	प्रचारार्थ 30 रु.	प्रचारार्थ मूल्य पर कोई कमीशन नहीं
● विशेष संस्करण (सजिल्द) 23×36÷16	मुद्रित मूल्य 80 रु.	प्रचारार्थ 50 रु.	
● स्थूलाक्षर सजिल्द 20×30÷8	मुद्रित मूल्य 150 रु.		प्रत्येक प्रति पर 20% कमीशन

10 या 10 से अधिक प्रतियाँ लेने पर विशेष अतिरिक्त कमीशन

कृपया, एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें और महर्षि दयानन्द की अनुपम कृति **सत्यार्थ प्रकाश** के प्रचार प्रसार में सहभागी बनें

आर्ष साहित्य प्रचार ट्रस्ट
427, मन्दिर वाली गली, नया बांस, दिल्ली-6
Ph. :011-43781191, 09650622778
E-mail : aspt.india@gmail.com

अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन
25, 26, 27, 28 अक्टूबर 2018

सम्मेलन स्थल :- **स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी, सैक्टर-10, दिल्ली-85**

विश्व शान्ति यज्ञ, योग व तपोनिष्ठ संन्यासियों, वैदिक विद्वानों द्वारा सत्संग तथा प्रवचन का लाभ उठाने हेतु लाखों की संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

सम्मेलन कार्यालय : दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15 हनुमान रोड, नई दिल्ली-1 दूरभाष : 9540029044

E-mail : aryasabha@yahoo.com, Website : www.aryamahasammelan.org, www.thearyasamaj.org

YouTube : thearyasamaj 9540045898

क्यों आएं आप आर्य महासम्मेलन में?

.....यह तो ठीक है कि सम्मेलन की तैयारी भी हो रही है, लोगों के आने की भी सूचना है, ऐसे में आपके मन में एक प्रश्न उपस्थित हो रहा होगा कि आखिर इन सम्मेलनों का लाभ क्या है? क्यों इतना काम किया जाता है? .....

आर्य समाज के सर्वोदय संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा 25 से 28 अक्टूबर 2018 को दिल्ली के स्वर्ण जयन्ती पार्क रोहिणी में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसकी गत वर्ष से ही तैयारी की जा रही है। भारत के कोने-कोने में जहां भी आर्य समाज की छोटी सी भी इकाई है वहां तक उत्साह की लहर है। भारत के बाहर भी अनेक देशों के आर्यजन इस सम्मेलन में आने का कार्यक्रम बनाकर आयोजकों को सूचित कर चुके हैं। लाखों आर्यजनों के सम्मिलित होने की सूचना है। यह तो ठीक है कि सम्मेलन की तैयारी भी हो रही है, लोगों के आने की भी सूचना है, ऐसे में आपके मन में एक प्रश्न उपस्थित हो रहा होगा कि आखिर इन सम्मेलनों का लाभ क्या है? क्यों इतना काम किया जाता है? संस्था के पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक देश, राज्य, नगर में जाकर इसका प्रचार किया जाता है, धन संग्रह करते हैं, विद्वानों, संन्यासियों, उपदेशकों, गुरुकुलों के संचालकों व आचार्यों के साथ-साथ राजनेताओं को बुलाया जाता है। इन सबके अतिरिक्त हम जैसे आर्यजन अपने काम पर कहां जाते है आदि-आदि।

आर्य समाज एक सुधारवादी संस्था और संगठन है, जो 1875 से निरन्तर समाज की कुप्रथाओं, धर्म की अवैदिक मान्यताओं, शिक्षा की अपूर्ण विधियों, संस्कृति के दोषों और व्यक्तिगत जीवन के दुर्गुण-दुव्यवस्थाओं को दूर करने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है। इस संस्था के गौरवशाली इतिहास से हम सभी परिचित है। समय के साथ-साथ चुनौतियां बदलती रहती हैं। कभी आर्य समाज के सन्मुख सती-प्रथा, बाल विवाह, स्त्री-शिक्षा का न होना, विधवा विवाह न होना एवं भारत की पराधीनता जैसी समस्या थीं, जिनके समाधान के लिए पूरी शक्ति से कार्य किया और उन कुरीतियों का उन्मूलन भी हुआ। आर्य समाज के विद्वान् संन्यासियों व उपदेशकों ने ऋषि की मुख्य योजना, वेदों की सार्वभौमिकता, सार्वकालिकता व सार्वजनिकता को सिद्ध करने का भी प्रमुख कार्य किया। प्रचुर साहित्य वेद सम्मत लिखा। वेद की प्रतिष्ठता के लिए पौराणिकों, जैन-बौद्ध, इस्लाम-ईसाई मत के बड़े-बड़े मठाधीशों से लाभार्थ हुए ग्रंथ लिखे गये और साथ ही बड़े-बड़े सम्मेलन करके भी आर्य समाज की शक्ति का अह्वान कराते रहे। जिनमें ऋषि जन्म शताब्दी 1924 ई. में, सत्यार्थ प्रकाश शताब्दी, आर्य समाज स्थापना शताब्दी, ऋषि निर्वाण शताब्दी आदि प्रमुख है। मध्य में जब संगठन कुछ शिथिल हुआ तो पुनः अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2006 में दिल्ली में आयोजित हुआ जिसमें भारत के अतिरिक्त अनेक देशों का प्रतिनिधित्व रहा और निर्णय किया गया कि प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित किए जाएं। भारत के बाहर 5 वर्ष तक अलग-अलग राष्ट्रों में सम्मेलन होंगे और छटे वर्ष भारत में होगा। इसका लाभ यह होगा कि जिस देश में यह सम्मेलन होगा उस देश की आर्य समाजें सक्रिय होंगी उनकी उर्जा का परिचय होगा वहां की सुंदर प्रायः इकाइयां भी जाग्रत होंगी।

अब प्रश्न उठता है कि इन सम्मेलनों का संगठन को कितना लाभ होता है? इसका उत्तर सकारात्मक दृष्टि से विचार करने पर बिन्दुवाद प्रस्तुत करना उचित है-

1.जब कोई छोटी इकाई अपने क्षेत्र में कार्य करती है तो उसके कार्यों में कई बार निराशा उत्पन्न करने वाले लोग सम्मिलित हो जाते हैं और कहते हैं अब आर्य समाज कहां सक्रिय है यह तो मृतप्राय संस्था है, इसके लोग तो केवल उंगलियों पर गिनने लायक है तो ऐसी इकाई को जब इन बड़े सम्मेलनों में आने का अवसर मिलता है तो पता चलता है कि आर्य समाज वर्तमान में भी एक वटवृक्ष के समान है। अनेक संस्थाएं, अनेक गुरुकुल, अनेक विद्यालय, अनेक लेखाप्रकल्प कार्य कर रहे हैं।

2.आर्य समाज क्योंकि वैचारिक आन्दोलन है इसलिए प्रत्येक इकाई में विचार के प्रचार का कार्यक्रम संमलित होना अनिवार्य है जिसके लिए विद्वान, उपदेशक, भजनोपदेशक व प्रचारकों की महती आवश्यकता होती है। प्रत्येक इकाई में अन्य महासम्मेलनों के विचारों का टकराव होना भी स्वाभाविक है, ऐसी स्थिति में जब वे आर्यजन सम्मेलन में आते हैं तो अनेक विद्वान, उपदेशकों के विचारों का श्रवण करने से तर्क शक्ति सुदृढ़ होती है। सम्मेलन स्थल पर मुख्य मंच के अतिरिक्त अनेक समानान्तर सत्र चलते हैं जिनमें शंका समाधान, वेदगोष्ठी प्रमुख है। जहां आर्य जगत के उच्चकोटि के विद्वान संन्यासी, विचारक एक साथ मिल जाते हैं उनकी तर्कता से साक्षात् होता है, सनिध्य मिलता है।

3. प्रायः आर्य समाजों में वही वृद्ध आर्यजन ही उपस्थित रहते हैं तो ऐसा लगता है कि आर्य समाज में पुनःशक्ति है ही नहीं, परन्तु जब सम्मेलन में देशभर से आए हुए हजारों आर्यवीर व आर्य वीरांगनाएं व्यवस्थित रूप से सम्मेलन की व्यवस्थाएं सम्भाल रहे होते हैं जो विधिवत् प्रशिक्षित होते हैं। वे बौद्धिक व शारीरिक

- शेष पृष्ठ 8 पर

आर्यसमाज द्वारा विश्व कल्याणार्थ विशिष्ट योजनाओं का लोकार्पण

बाल साहित्य से वैदिक मन्तव्यों का प्रचार
वेद एवं सत्यार्थ प्रकाश का ऑडियो सीडी (हिन्दी-अंग्रेजी)
शिक्षाप्रद एनिमेशन फिल्मों का लोकार्पण
आर्य समाज की सोशल मीडिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) परियोजना
प्रोजेक्ट - शिक्षा संस्कार (भारत के आदिवासी क्षेत्रों में) : शिक्षा क्रान्ति अभियान
आर्य प्रतिभा विकास महाशय धर्मपाल संस्थान
सहयोग परियोजना
अन्तर्राष्ट्रीय आर्य समाज शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र
आर्य समाज मीडिया सेन्टर
विचार टीवी द्वारा नए वृत्तचित्रों का लोकार्पण
वैदिक प्रचारक प्रकल्प
अनेक नए उपयोगी ग्रन्थों का लोकार्पण
घर-घर यज्ञ हर घर यज्ञ

महासम्मेलन में आमन्त्रित देश

अमेरिका	जर्मनी	बंग्लादेश	सूरीनाम
म्यांमा (बर्मा)	कनाड़ा	गयाना	बैल्जियम
फिजी	ब्रिटेन	हॉलैंड	तंजानिया
मॉरीशस	जमाइका	कीनिया	त्रिनिडाड
दक्षिण अफ्रीका	मलेशिया	न्यूजीलैंड	पाकिस्तान
नेपाल	चैक गणराज्य	भूटान	युगांडा
जापान	आर्मिनिया	सिंगापुर	दुबई
फ्रांस	ऑस्ट्रेलिया	थाईलैंड	वैस्टइंडिज

विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन

1.	1927 ई0	दिल्ली	12. 1973 ई0	मॉरीशस	23. 2008 ई0 मॉरीशस
2.	1931 ई0	बरेली	13. 1978 ई0	नैरोबी (केन्या)	24. 2009 ई0 सूरीनाम
3.	1933 ई0	अजमेर	14. 1980 ई0	लन्दन	25. 2010 ई0 नीदरलैंड
4.	1938 ई0	शोलापुर	15. 1982 ई0	द. अफ्रीका (डरबन)	26. 2012 ई0 दिल्ली
5.	1944 ई0	दिल्ली	16. 1990 ई0	दिल्ली	27. 2013 ई0 दक्षिण अफ्रीका
6.	1948 ई0	कलकत्ता	17. 1994 ई0	दिल्ली	28. 2014 ई0 सिंगापुर-थाईलैंड
7.	1951 ई0	मेरठ	18. 1997 ई0	दिल्ली	29. 2015 ई0 आस्ट्रेलिया
8.	1954 ई0	हैदराबाद	19. 2000 ई0	बम्बई	30. 2016 ई0 नेपाल
9.	1961 ई0	दिल्ली	20. 2002 ई0	हरिद्वार	31. 2017 ई0 म्यांमार (बर्मा)
10.	1968 ई0	हैदराबाद	21. 2006 ई0	दिल्ली	32. 2018 ई0 दिल्ली
11.	1972 ई0	अलवर	22. 2007 ई0	शिकागो (अमेरिका)	

सम्मेलन में विचारणीय कुछ मुख्य विषय

- संस्कारित परिवार - समाज निर्माण
- जनसंख्या का सामाजिक/वैचारिक असंतुलन-एक नए खतरे का संकेत
- आर्ष गुरुकुलों की स्थिति पर चिन्तन
- आर्य जाति का विभाजन - राजनीति का शिकार
- मानव निर्माण का आधार
- मानव की आवश्यकता - अध्यात्म एवम् योग
- विश्व स्तर पर असंतुलित लिंग अनुपात
- बदलते सामाजिक एवं नैतिक मूल्य-समाधान क्या और कैसे?
- निरन्तर बढ़ता प्रदूषण - मानव जाति के लिए चुनौती- यज्ञ एवं सौर ऊर्जा सर्वोत्तम समाधान
- शिक्षा - केवल रोजगार या मानव उन्नति का साधन
- बढ़ती नशा प्रवृत्ति - जिम्मेदारी कानून की या समाज की
- अंधविश्वासों का बढ़ता विश्वव्यापी व्यापार - निराकरण हेतु हमारी भूमिका : जनचेतना
- धार्मिक भ्रष्टाचार निरोधक कानून ही उपाय
- गोरक्षा, आयुर्वेद, धर्मान्तरण, तुष्टीकरण
- जातिभेद की बढ़ती दीवारें - समाज, संस्कृति व राष्ट्र के लिए घातक
- वैदिक वर्ण व्यवस्था -वास्तविक मनुवाद
- आर्यसमाज - नए युग में प्रवेश - दृष्टि २०२४-२०२५
- सोशल नेटवर्किंग - समाज में बदलाव-सुधार या बिखराव
- मानव सम्बन्ध - न्यायालयीय आदेश/निर्देश - स्वीकार्यता
- घर-घर पहुंचाएं वेद सन्देश - छूटे न विश्व का कोई देश
- एकाकी संतान - बच्चे तथा परिवार के विकास के लिए घातक
- दूषित अन्न - स्वास्थ्य का शत्रु - जीरो बजट खेती-एक समाधान
- एक मंदिर एक शमशान-तभी होगा भारत महान
- आर्यसमाज की भावी कार्य पद्धति व योजना
- संकल्प सत्र एवं आओ करें, कल की बातें
- हिन्दी व संस्कृत की वर्तमान स्थिति पर चिन्तन

ओ३म्

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा एवं
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्त्वावधान में

भारत की राजधानी दिल्ली में विशाल स्तर पर आर्यों का महाकुंभ

अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2018

25 से 28 अक्टूबर 2018

तदनुसार कार्तिक कृष्ण १,२,३,४ संवत् २०७५

सम्मेलन स्थल

स्वर्ण जंयती पार्क (जापानी पार्क), रोहिणी, सैक्टर-10, दिल्ली

विस्तृत कार्यक्रम

उदघाट्न

25 अक्टूबर 2018 प्रातः 10.30 बजे

इस ऐतिहासिक महासम्मेलन में लाखों की संख्या में भाग लेकर आर्यसमाज के सगंठन एवम् भविष्य को सुदृढ़ बनाएं

सम्मेलन कार्यालय : दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, १५ हनुमान रोड, नई दिल्ली-१
दूरभाष : 23360150, 23365959, 9540029044
E-mail : aryasabha@yahoo.com
Website : www.aryamahasammelan.org ; www.thearyasamaj.org

आर्यवीर सम्मेलन

सायं 7:00 बजे से 9:00 बजे

राष्ट्र और आर्यसमाज का उज्ज्वल भविष्य : आर्य वीर दल

1 युवा कार्यकर्ता निर्माण 2 वर्तमान चुनौतियां एवं आर्य वीर दल
3 आर्य वीर एवं सेवा कार्य 4 आर्य वीरांगनाओं का दायित्व
5 आर्य वीर दल की प्रचार योजना: समायोजन एवं कार्यक्रम
6 आर्य वीर दल का गौरवशाली इतिहास
7 आर्यवीर दल - आर्यसमाज की सशक्त भुजा

भजन एवं गीत संध्या

रात्रि 9:00 से 11:00 बजे

आर्यसमाज के युवा संगीतज्ञों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति
महर्षि दयानन्द सरस्वती, आर्यसमाज, प्रेरणा, ईश्वर भक्ति एवं शान्ति गीत

आर्य संगीत सम्मेलन

आर्यसमाज के युवा संगीतज्ञों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति
विषय: महर्षि दयानन्द सरस्वती, आर्यसमाज, प्रेरणा, ईश्वर भक्ति एवं शान्ति गीत।

शुक्रवार, दिनांक 26 अक्टूबर, 2018

निरन्तर क्रियाशील आर्यसमाज

प्रातः 10:30 बजे से प्रात:11:30 बजे

आर्यसमाज की उन्नति, विस्तार, आधुनिकीकरण और भविष्य की चुनौतियों एवं आवश्यकताओं को देखते हुए चलाई गई नई योजनाओं का परिचय

संस्कृति एवं सामाजिक संचेतना सम्मेलन

सामाजिक एवं पारिवारिक व्यवस्थाओं के बिगड़ते ताने-बाने के विषय में चिन्तन

प्रातः 11:30 से दोपहर 1:30 बजे

1 अपसंस्कृति का विस्तार-विलुप्त होते वैदिक संस्कार
प्रेरणा : अपनी सन्तानों में डालें शुभ संस्कारों के बीज (मदर्स-डे/फादर्स-डे - वर्ष में केवल एक दिन के लिए नहीं।)
2 जातिवाद - मानवता पर कलंक (समग्र हिन्दू समाज के चिन्तन का विषय)
प्रेरणा : वैदिक वर्ण व्यवस्था में जातिवाद के अभिशाप से बचने के लिए कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था अपनाएं।
3 दिशाहीन सोशल मीडिया समाज व राष्ट्र के लिए घातक
प्रेरणा : युवाओं को अपभ्रंश सोशल मीडिया दूर रखने की आवश्यकता ।
4 बिना सन्तान अथवा एकाकी सन्तान से परिवार की संकल्पना - समाज व राष्ट्र के लिए घातक
प्रेरणा : समृद्ध एवं मजबूत परिवार का निर्माण करें।
5 संस्कृति का आधार - संस्कृत भाषा
प्रेरणा : संस्कृति को जानने के लिए संस्कृत के पठन-पाठन की योजना प्रत्येक आर्यसमाज अपनाए।

गुरुवार, दिनांक 25 अक्टूबर, 2018

ओ३म् ध्वजारोहण : प्रातः 10:15 बजे
संकल्प : ओ३म् ध्वजा फहरे घर-घर पर

मुख्य पण्डाल

उद्घाटन समारोह

प्रातः 10:30 बजे से 1:30 बजे

मानव उत्थान एवं विश्व शान्ति के लिए समर्पित सतत् आन्दोलन - आर्यसमाज

1 मानवीय मूल्यों का प्रेरक - आर्यसमाज
2 आर्यसमाज की स्थापना : नए युग का आरम्भ
3 आज के जीवन में आर्यसमाज की प्रासंगिकता
4 आर्यसमाज का गौरवशाली इतिहास - क्रान्तिकारी परिवर्तन एवं प्रेरणा

वेद सम्मेलन

दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक

विश्वशान्ति एवं मानव निर्माण का एकमात्र मार्ग - वेद

1 मानवीय सम्बन्ध और वेद (धारा 377 की समाप्ति - आखिर ये सन्देश किसके लिए?)
प्रेरणा : ईश्वर प्रदत्त प्राकृतिक नियमों तथा मानवोचित व्यवहार का आधार वेद ।
2 वेद वाणी को जन वाणी बनाया महर्षि दयानन्द ने (धन्य है तुमको हे ऋषि)
प्रेरणा : वेद किसी काल, वर्ग व स्थान विशेष के लिए नहीं अपितु सार्वभौमिक, सार्वकालिक व सार्वजनीन है।
3 वेद और विज्ञान
प्रेरणा : समस्त भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान का आधार है वेद।
4 वैश्विक आतंकवाद का समाधान - केवल वेद के द्वारा
प्रेरणा : मनुर्भव का सन्देश देते हुए सम्पूर्ण मानवजाति के कल्याण व सुख-शान्ति का आधार है वेद।
ले चलें शिखर की ओर 'लघु नाटिका'

अन्ध विश्वास निवारण सम्मेलन

सायं 4:30 बजे से 7:00 बजे

आर्यसमाज के कार्यकर्ता बनें - अंधविश्वासों के खिलाफ आवाज बुलन्द करें

1 अंधविश्वास से अपार हानियाँ-ऐतिहासिक परिपेक्ष में।
प्रेरणा : पाप क्षमा की भ्रान्ति फैलाने वाले पूजापाठ से मुक्त कराएँ समाज को।
2 वर्तमान में बढ़ रहे अन्धविश्वास के निवारण में आर्य समाज का दायित्व।
प्रेरणा : धर्म के नाम पर होने वाले व्यापार का विरोध योजनाबद्ध रूप से करके जनता को गुमराह होने से बचाएं
3 धार्मिक भ्रष्टाचार-निरोधक कानून की आवश्यकता।
प्रेरणा : आर्यसमाज के कार्यकर्ता बनें - अन्धविश्वासों के खिलाफ आवाज बुलन्द करें

आर्य महिला सम्मेलन

परिवारों के बदलते परिवेश एवं नारी की विशिष्ट भूमिका को लेकर विस्तार से चिन्तन

दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

1 आर्यसमाज के विस्तार में नारी की अहम् भूमिका
प्रेरणा : स्त्री विमर्श के नाम पर नर-नारी के मध्य खाई न बढ़ने दें ।
2 नारी सम्मान के क्षेत्र में आर्यसमाज की महत्त्वपूर्ण भूमिका
प्रेरणा : एक आन्दोलन के रूप में करना होगा भ्रूण हत्या का विरोध ।
3 हाउस वाईफ नहीं होममेकर है नारी (गृहिणी गृहमुच्यते)
प्रेरणा : महिलाओं को दें पूर्ण सम्मान - नारी ही है परिवार निर्माण का आधार ।
4 परिवार, समाज व राष्ट्रोत्थान की धुरी नारी
प्रेरणा : महर्षि दयानन्द द्वारा बताए मार्ग से नारी उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ाएं।
5 दो पाटों के बीच पिसती आज की नारी
प्रेरणा : नारी अबला नहीं योद्धा है-हर परिस्थिति में सक्षम नारी ।
6 वैदिक पारिवारिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के गम्भीर षड्यंत्र (लिव - इन - रिलेशनशिप, समलैंगिकता को स्वीकृति, एकांकी सन्तान की प्रवृत्ति तथा बढ़ते हुए तलाक)
प्रेरणा : वर्तमान जीवन शैली में परिवर्तन लाकर परिवार के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं ।

विश्वशान्ति एवं मानव कल्याण एकता महायज्ञ

(हजारों यज्ञ प्रशिक्षित याज्ञिकों द्वारा)

घर-घर यज्ञ - हर घर यज्ञ

(कार्यक्रम का प्रसारण मुख्य पण्डाल में स्क्रीन पर किया जाएगा।)

सायं 4:00 से 6:00 बजे

1 यज्ञ से सम्बन्धित वैज्ञानिक शोध परिणामों प्रदर्शन 2 आर्यसमाज की शोध टीम का परिचय
3 यज्ञ द्वारा विशिष्ट सूर्य विज्ञान प्रदर्शन 4 महाशय धर्मपाल जी यज्ञ का सन्देश - बच्चों के नाम

लघु नाटिका

सायं 6:00 बजे

महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन के अन्तिम दृश्य पर आधारित लघु नाटिका

महर्षि दयानन्द का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

महर्षि दयानन्द जी के उत्तमतम व्यक्तित्व को और निकटता से देखें और अपने जीवन का उद्देश्य निर्धारित करें

सायं 7:00 से रात्रि 9:00 बजे

1 महर्षि दयानन्द के स्वप्न एवं हमारे कर्त्तव्य तथा दायित्व
प्रेरणा : महर्षि दयानन्द के मिशन से जुड़कर स्वयं के जीवन का निर्माण करें एवं अन्यों को आर्य बनाने का संकल्प लें।
2 महर्षि जी की कालजयी कृति - सत्यार्थ प्रकाश
प्रेरणा : व्यक्तिगत जीवन प्रबन्धन, समाज प्रबन्धन एवं राष्ट्र निर्माण के सूत्रों का ज्ञान व प्रचार-प्रसार।
3 महर्षि दयानन्द द्वारा प्रदत्त मानव कल्याण के स्वर्णिम सूत्र (आर्यसमाज के दस नियम)
प्रेरणा : मानवमात्र के सर्वांगीण विकास के आधार हैं ये दस नियम।
4 महर्षि दयानन्द और मनुस्मृति
प्रेरणा : मानव समाज के प्रथम संविधान मनुस्मृति को महर्षि ने पूर्ण प्रामाणिकता दी।

विराट कवि सम्मेलन

राष्ट्र एवं मानव जाति के समक्ष उपस्थित समस्याओं का काव्यमय चिन्तन एवं आह्वान

रात्रि 9:00 बजे से

शनिवार, दिनांक 27 अक्टूबर, 2018

राष्ट्र चिन्तन सम्मेलन

राष्ट्र की वैदिक अवधारणा

प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे

राष्ट्र एवं विश्व के समक्ष उपस्थित जन समस्याओं की चर्चा एवं समाधान

1 धर्मान्तरण : संस्कृति एवं राष्ट्र को विघटित करने का विश्वव्यापी षड़यन्त्र

प्रेरणा : परिवारों में धर्म, दर्शन एवं संस्कृति की शिक्षा द्वारा सनातन धर्म की महत्ता को प्रतिपादित किया जाए।

2 एकत्व ही श्रेयस्कर (एक देश, एक संविधान, एक समान नागरिक संहिता)

प्रेरणा : राष्ट्र के संसाधनों एवं सुविधाओं का लाभ सभी नागरिकों को समान रूप से प्राप्त हो तथा सभी के लिए न्याय एवं दंड विधान समान हो।

3 जनसंख्या के सामाजिक असंतुलन के विस्फोटक परिणाम।

